# 7 राजस्थान की लोक देवियाँ

1. कौनसी लोकदेवी के मंदिर में विश्व का सबसे बड़ा चाँदी का दीपक रखा गया है?
(1) शीतला माता (2) जीण माता
(3) करणी माता (4) शीला देवी (3)

2. शीतला माता का मंदिर (चाकसु, जयपुर) का निर्माण जयपुर के किस शासक ने करवाया था?
(1) माधोसिंह द्वितीय (2) माधोसिंह प्रथम
(3) जयसिंह प्रथम (4) सवाई जयसिंह (2)

**व्याख्या–** शीतला माता मंदिर का निर्माण सवाई माधोसिंह प्रथम द्वारा शील डूंगरी पर करवाया गया था।

3. नागणेची माता की प्रतिमा किस शासक के समय कर्नाटक से लाई गई थी ?
(1) राव धूहड़ (2) राव चूंडा
(3) राव जोधा (4) राव बीका (1)

**व्याख्या–** मारवाड़ के राठौड़ वंश के संस्थापक राव सीहा के पौत्र एवं आसनाथ के पुत्र राव धूहड़ के समय यह प्रतिमा कर्नाटक से लाकर नगाणा गाँव (बाड़मेर) में स्थापित करवाई गई थी। नगाणा गाँव के नाम से देवी का नाम 'नागणेची' पड़ा।

4. महाराणा कुम्भा ने महमूद खिलजी को हराने के बाद किस देवी के मंदिर का निर्माण करवाया था ?
(1) बाण माता (2) कुशाला माता
(3) बिरवड़ी माता (4) इडाणा माता (2)

**व्याख्या–** महाराणा कुम्भा ने 1457 ई. में बैराठगढ़ (बदनौर) के युद्ध में महमूद खिलजी प्रथम को हराया था, इस विजय के उपलक्ष में कुम्भा ने बदनौर (भीलवाड़ा) में कुशाला माता का मंदिर बनवाया।

5. कौनसी देवी 1857 की क्रांति की देवी कही जाती है ?
(1) मरकंडी माता (2) शाकंभरी माता
(3) सुगाली माता (4) त्रिपुरा सुंदरी (3)

**व्याख्या–** यह देवी 1857 के स्वाधीनता संग्राम में क्रान्तिकारियों की प्रेरणास्रोत रही है। अतः इसे 1857 की क्रान्ति की देवी कहा जाता है।

6. पांचाल जाति की कुल देवी हैं ?
(1) त्रिपुरा सुंदरी (2) सुन्धा माता
(3) चौथ माता (4) विरात्रा माता (1)

7. तुलजा भवानी मंदिर किस किले में स्थित है ?
(1) चितौड़गढ़ (2) शाहबाद (बारां)
(3) रणथम्भोर (सवाईमाधोपुर) (4) तारागढ़ (बूँदी) (1)

**व्याख्या–** चित्तौड़गढ़ किले में रामपोल प्रवेश द्वार के पास ही बने इस मंदिर का निर्माण बनवीर ने तुलादान के धन से करवाया था।

8. कौनसी लोकदेवी 'अग्नि स्नान करने वाली देवी' के नाम से भी जानी जाती है ?
(1) दिवाक माता (2) कुशाला माता
(3) बिरवड़ी माता (4) इडाणा माता (4)

**व्याख्या–** उदयपुर के बम्बोरा में इडाणा माता को 'मेवल की महारानी' भी कहा जाता है। इस मंदिर पर छत नहीं है, खुले चौक में स्थित इनकी प्रतिमा के पास महीने में 2–3 बार स्वतः अग्नि प्रकट होती है, माता का शृंगार, चुनरी आदि जलकर स्वाहा हो जाती हैं।

9. निम्न में से कौनसा नाम तनोट माता के लिए नहीं कहा जाता?
(1) थार की वैष्णों देवी (2) रूमाल वाला मंदिर
(3) सेना की देवी (4) भाटी राजवंश की कुलदेवी
(4)

**व्याख्या–** जैसलमेर के भाटी राजवंश की कुलदेवी स्वांगीय माता हैं।

10. करणी माता के बारे में निम्न में से कौनसा कथन असत्य है?
(1) करणी माता का जन्म साठीका गाँव में हुआ था।
(2) इन्होंने मेहरानगढ़ दुर्ग की नींव रखी थी।
(3) देशनोक मंदिर का निर्माण चांदमल ढड्ढा ने करवाया।
(4) इनका बचपन का नाम रिद्धि बाई था। (1)

**व्याख्या–** करणी माता का जन्म सुआप गाँव (जोधपुर) में हुआ था, इनका विवाह साठीका गाँव (बीकानेर) के देपाजी बीठू के साथ हुआ था

11. असंगत छांटिये –
(1) भोपा जाति की कुल देवी– विरात्रा माता
(2) ओसवालों की कुल देवी – सच्चियाया माता
(3) सिरवी जाति की कुल देवी– आई माता
(4) कन्जर जाति की कुल देवी– आमजा माता (4)

**व्याख्या–** कन्जर जाति की कुल देवी चौथ माता (चौथ का बरवाड़ा, सवाईमाधोपुर) हैं। आमजा माता भीलों की कुल देवी है।

12. किस देवी की पीठ की पूजा, पीठ का शृंगार व पीठ के दर्शन किये जाते हैं?
(1) अंबिका माता (2) जीणमाता
(3) ब्रह्माणी माता (4) सुंधा माता (3)

**व्याख्या–**ब्रह्माणी माता मंदिर सौरसेन (बांरा) में स्थित है। यहाँ माघ शुक्ल सप्तमी को मेला भरता है। यहाँ पर गधों का मेला भी भरता है।

13. राजस्थान के सभी भागों में पूजी जाने वाली देवी है?
(1) शीला देवी (2) जमूवाय माता
(3) शीतला माता (4) आई माता (3)

**व्याख्या–** शीतला माता का थान खेजड़ी वृक्ष के नीचे होता है। शीतलाष्टमी के दिन जहाँ इनका मंदिर नहीं होता है वहाँ खेजड़ी को ही शीतला माता मानकर पुजा की जाती है। ये राजस्थान के सभी भागों में पुजी जाने वाली लोकदेवी है।

14. निम्न में से किस देवी के कभी माँस का भोग नहीं लगाया जाता ?
(1) जीण माता (सीकर) (2) शीला देवी (आमेर)
(3) कैला देवी (करौली) (4) चामुण्डा माता (जोधपुर) (3)

**व्याख्या–** कैला देवी यादव वंश की कुल देवी/करौली राजवंश की कुलदेवी है। इनका भव्य मंदिर त्रिकूट पर्वत की घाटी पर बना है। जहाँ चैत्र शुक्ल अष्टमी को लक्खी मेला भरता है।

15. सांभर झील के किनारे निम्न में से किस देवी का मंदिर बना है ?
(1) जमुवाय माता (2) छींक माता
(3) शाकम्भरी माता (4) खलकाणी माता (3)

व्याख्या– सांभर झील के पास एक पहाड़ी के निकट इनका प्राचीन मंदिर बना है। मान्यता है कि चौहानों के प्रथम पुरुष वासुदेव के समय से ही इस देवी की पूजा की जा रही है। शाकम्भरी माता चौहान वंश की कुल देवी है।

16. कौनसी देवी का मंदिर प्रतिहारकालीन है, उसके पास ही प्रसिद्ध चाँद बावड़ी स्थित है ?
(1) त्रिपुरा सुन्दरी (2) दधिमति माता
(3) हर्षद् माता (4) कालका माता (3)

व्याख्या– दौसा के आभानेरी में हर्षद् माता का मंदिर स्थित है, इस मंदिर का निर्माण राजा चाँद ने 8वीं शताब्दी में करवाया था। यह मंदिर प्रतिहारकालीन है, इसके पास ही चाँद बावड़ी स्थित है।

17. निम्न में से किस लोक देवी का मंदिर जोधपुर में स्थित नहीं हैं?
(1) चामुण्डा माता (2) सच्चियाय माता
(3) आईजी माता (4) विरात्रा माता (4)

व्याख्या– चामुण्डा माता का मंदिर मेहरानगढ़ दुर्ग में है, सच्चियाय माता का मंदिर औसियां में है तथा आई माता का मंदिर बिलाड़ा में है। विरात्रा माता का मंदिर चौहटन (बाड़मेर) में स्थित है।

18. लटियाली देवी का मंदिर स्थित है–
(1) पोकरण (जैसलमेर) (2) आऊवा (पाली)
(3) लोद्रवा (जैसलमेर) (4) निमाज (पाली) (3)

व्याख्या– लटियाली माता के अन्य मंदिर फलौदी (जोधपुर) व नया शहर (बीकानेर) में भी हैं।

19. आवरी माता का मंदिर है?
(1) निम्बाहेड़ा (चित्तौड़गढ) (2) मातृकुण्डिया (चित्तौड़गढ)
(3) कपासन (चित्तौड़गढ) (4) निकुम्भ (चित्तौड़गढ़) (4)

व्याख्या– इस देवी के मंदिर में लकवाग्रस्त, लूले व लंगडे लोगों को लाभ होता है।

20. भीनमाल में सुंधा माता मंदिर का निर्माण किसने करवाया था?
(1) कीर्तिपाल (2) चाचिगदेव
(3) समरसिंह (4) कान्हड़देव (2)

21. खीमल माता मंदिर स्थित है?
(1) भीनमाल (जालौर) (2) निमाज (पाली)
(3) लोद्रवा (जैसलमेर) (4) बसन्तगढ़ (सिरोही) (4)

व्याख्या– चावड़ा वंश के शासक वर्मलात के समय 625 ई. में निर्मित है।

22. 1857 की क्रांति के दौरान अंग्रेजों ने किस देवी की प्रतिमा को खंडित कर दिया था?
(1) सुगाली माता (2) खीमल माता
(3) हिंगलाज माता (4) करणी माता (1)

व्याख्या– अंग्रेजों ने आऊवा पर अधिकार करने के बाद इस प्रतिमा को खंडित कर दिया और मूर्ति को आबू ले गये, वहाँ से इसे 1908 में राजपूताना म्यूजियम (अजमेर) में रखी गयी। वर्तमान में यह प्रतिमा बाँगड़ संग्रहालय (पाली) में रखी है।

23. किस मंदिर में मन्नत पूरी होने पर लोहे का त्रिशूल चढ़ाने की परम्परा है?
(1) आवरी माता (2) बड़ली माता
(3) घेवर माता (4) मावली माता (2)

व्याख्या– बड़ली माता का मंदिर आकोला (चित्तौड़गढ़)में स्थित है। बेड़च नदी किनारे स्थित इस मंदिर में बनी एक तिबारी में से बच्चे को निकालने से रोग का निदान होता है।

24. घेवर माता का मंदिर स्थित है?
(1) चित्तौडगढ़ (2) उदयपुर
(3) प्रतापगढ़ (4) राजसमंद (4)

25. सहरिया जनजाति की कुलदेवी है?
(1) दिवाक माता (2) कोडिया देवी
(3) भदाणा माता (4) चौथ माता (2)

26. सुमेलित कीजिये –

| रियासत | कुलदेवी |
|---|---|
| (क) बीकानेर | 1. नागणेची माता |
| (ख) जोधपुर | 2. जीण माता |
| (ग) सीकर | 3. करणी माता |
| (घ) करौली | 4. कैला देवी |

| | क | ख | ग | घ |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (2) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (3) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (4) | 3 | 2 | 4 | 1 |

(2)

27. कछवाहों की कुलदेवी है?
(1) जमुवाय माता (2) शाकम्भरी माता
(3) ज्वाला माता (4) चामुण्डा माता (1)

व्याख्या– – इस मंदिर का निर्माण दुलहराय (तेजकरण) द्वारा करवाया गया था। इस मंदिर में जमुवाय माता की मूर्ति गाय व बछड़े के साथ स्थापित है।

28. शीतला माता के सम्बन्ध में असुमेलित युग्म है–
(1) वाहन– गधा (2) पूजारी– कुम्हार
(3) प्रतीक– मिट्टी का दीपक (4) थान– नीम के नीचे (4)

व्याख्या– शीतला माता का थान खेजड़ी वृक्ष के नीचे होता है।

29. जोगनिया माता का मंदिर स्थित है?
(1) जालौर (2) टोंक (3) भीलवाड़ा (4) अलवर (3)

व्याख्या– ध्यान रहे जोगनिया माता का एक अन्य मंदिर चित्तौड़गढ़ दुर्ग में भी स्थित है।

30. नारायणी माता का मंदिर स्थित है–
(1) बदनौर (भीलवाड़ा) (2) उदयपुर वाटी (झुंझुनूं)
(3) बरवा डूंगरी(अलवर) (4) आभानेरी (दौसा) (3)

व्याख्या– नारायणी माता मंदिर में पुजारी मीणा जाति का होता है। मीणा जाति भी इन्हें आराध्य देवी मानते है। वर्तमान में मीणा व नाई जाति के बीच इस मंदिर में पुजा के लिए विवाद चल रहा है।

31. विरात्रा माता का मंदिर स्थित है?
(1) तनोट (जैसलमेर) (2) चौहटन (बाड़मेर)
(3) बिलाड़ा (जोधपुर) (4) पचपदरा (बाड़मेर) (2)

**व्याख्या–** ये देवी भोपों की कुल देवी है। इसकी प्रतिमा की गर्दन टेढ़ी होने के कारण इन्हें 'वांकल माता' भी कहा जाता है। मान्यता है कि वीर विक्रमादित्य एक रात को यहाँ रूका था, इसलिए इसका नाम विरातरा पड़ा। यहाँ एक तरफ पर्वतीय चट्टानें हैं, दूसरी तरफ बालू रेत के विशाल टीले हैं।

32. निम्न को सुमेलित कीजिये –

| लोकदेवी | जिले |
|---|---|
| (क) इडाणा माता | 1. बम्बोरा (उदयपुर) |
| (ख) ज्वाला माता | 2. जोबनेर (जयपुर) |
| (ग) त्रिपुरा सुंदरी | 3. तलवाड़ा (बाँसवाड़ा) |
| (घ) ब्राह्मणी माता | 4. सोरसेन (बांरा) |

| | क | ख | ग | घ |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (2) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (3) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (4) | 3 | 2 | 4 | 1 |

(1)

33. आमेर स्थित शीला देवी मंदिर की प्रतिमा कौनसा शासक लेकर आया था?
(1) सवाई जयसिंह (2) माधोसिंह द्वितीय
(3) मानसिंह प्रथम (4) ईश्वरी सिंह (3)

**व्याख्या–** आमेर के शासक मानसिंह प्रथम ने पूर्वी बंगाल के शासक केदार से 1604 ई. में यह काले पत्थर की मूर्ति लाकर आमेर के राजभवनों के मध्य स्थापित की थी।

34. दधिमाता का मंदिर स्थित है?
(1) परबतसर (नागौर) (2) गोठ मंगलौद (नागौर)
(3) डीडवाना (नागौर) (4) आभानेरी (दौसा) (2)

**व्याख्या–** दधिमाता का मंदिर गोठ–मंगलोद (नागौर) में स्थित है, यह मंदिर प्रतिहारकालीन स्थापत्य कला का उदाहरण है, इसका निर्माण प्रतिहार शासक भोजदेव प्रथम के समय 836 ई. में हुआ है।

35. निम्न में से किस लोकदेवी का मुख्य मंदिर बलुचिस्तान (पाकिस्तान) में स्थित हैं?
(1) हिंगलाज माता (2) तेमड़ाताई
(3) सुगाली माता (4) मरकंडी माता (1)

**व्याख्या–** राजस्थान में हिंगलाज माता के मंदिर लोद्रवा (जैसलमेर), नारलोई (जयपुर), बिदासर (चुरू) व फतेहपुर (सीकर) आदि कई स्थानों पर हैं। इन सब में लोद्रवा का मंदिर सबसे प्रसिद्ध है।

36. निम्न में से 'सांभर माता' भी कहा जाता हैं?
(1) पीपला माता (2) विरात्रा माता
(3) घटियाला माता (4) लवणीय माता (4)

**व्याख्या–** सांभर माता (लवणीय माता) मंदिर पंचपदरा बाड़मेर में स्थित है।

37. सांभर में निम्न में से किस देवी का मंदिर स्थित हैं?
(1) घटियाली माता (2) बवन देवी
(3) शाकंभरी माता (4) शीला देवी (3)

38. कौनसा युग्म असंगत हैं?
(1) बाण माता– सिसोदिया वंश (2) ज्वाला माता–कच्छवाहा वंश
(3) कैला देवी– यादव वंश (4) शाकंभरी माता– चौहान वंश
(2)

**व्याख्या–** ज्वाला माता खंगारोत वंश की कुल देवी है।

39. निम्न में से किस लोक देवी का मेला 'बैलगाडी मेले' के नाम से प्रसिद्ध हैं?
(1) शीतला माता (2) ज्वाला माता
(3) शाकम्भरी माता (4) शीला देवी (1)

**व्याख्या–** इनका मेला बैलगाड़ी मेले के नाम से प्रसिद्ध है। इनके मेले में दुर–दुर से ग्रामीण रंगीन कपड़ों से सज–धजकर सुसज्जित बैलगाड़ी से आते है। इसी अवसर पर यहां गधों का मेला भरता है।

40. निम्न में से असत्य युग्म है–
(1) घटियाली राय– जैसलमेर (2) सुगाली माता– पाली
(3) करणी माता– बीकानेर (4) सुन्धा माता– सिरोही (4)

**व्याख्या–** सुन्धा माता का मंदिर भीनमाल (जालौर) में स्थित है।

41. सुमेलित कीजिये –

| लोकदेवी | स्थान |
|---|---|
| (क) त्रिपुरा सुन्दरी | 1. चौथ का बरवाड़ा(सवाईमाधोपुर) |
| (ख) भदाणा माता | 2. इन्द्रगढ़ (बूँदी) |
| (ग) बिजासन माता | 3. कोटा |
| (घ) चौथ माता | 4. तलवाड़ा (बाँसवाड़ा) |

| | क | ख | ग | घ |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (2) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (3) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (4) | 3 | 2 | 4 | 1 |

(3)

42. मधुमक्खियों की देवी किसे कहा जाता हैं?
(1) शीला माता (2) जीण माता
(3) हर्षद माता (4) खलकाणी माता (2)

**व्याख्या–** लोक मान्यता है कि औरंगजेब जब मंदिर मूर्तियाँ तोड़ता हुआ जीण माता मंदिर पहुँचा तो मंदिर से जहरीली मधुमक्खियाँ प्रकट हुई तो मुगल सेना भाग छूटी, तब बादशाह ने देवी से आभा मांगी तब से मंदिर में अखंड ज्योत लिए सवा मण तेल प्रतिमाह दिल्ली से आता था। इसलिए जीणमाता को 'मधुमक्खियों की देवी' भी कहा जाता है।

43. सफल तीर्थ यात्रा के लिए किस देवी की पुजा की जाती हैं?
(1) पथवारी माता (2) कालका माता
(3) मनसा माता (4) विरात्रा माता (1)

**व्याख्या–** तीर्थ यात्रा में सफलता के लिए पथवारी माता की पुजा की जाती है। इनका थान खेजड़ी वृक्ष के नीचे गाँव के बाहर होता है।

44. निम्न में से गलत युग्म को अलग कीजिए–
(1) बिस्सा जाति–आशापुरा माता
(2) पांचाल जाति–त्रिपुरा सुन्दरी
(3) मीणा जाति–जीण माता
(4) यादव जाति–सकराय माता (4)

**व्याख्या–** यादव जाति की कुल देवी कैलादेवी (करौली) है। खण्डेलवालों की कुल देवी सकराय माता हैं।

45. महामारू शैली से निर्मित अम्बिका माता का मंदिर किस जगह स्थित हैं?
(1) जगत (उदयपुर) (2) जावर (उदयपुर)
(3) वल्लभनगर(उदयपुर) (4) आकोला(चित्तौड़गढ़) (1)

46. घटियाली राय का मंदिर कहाँ पर स्थित है?
(1) जोधपुर (2) बाड़मेर
(3) जैसलमेर (4) उदयपुर (3)

व्याख्या– जैसलमेर में तनोट के पास ही घटियाली माता का मंदिर है, 1965 के भारत–पाक युद्ध के दौरान पाकिस्तानी सैनिकों ने इनकी मूर्तियों को खंडित कर दिया था, तभी उनके मुँह से खून निकलना शुरू हो गया था और वे मारे गये। पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा खंडित प्रतिमाएँ आज भी इस मंदिर परिसर में रखी हुई हैं।

47. जैसलमेर के घड़सीसर तालाब के मध्य किस माता की शाल स्थित है?
(1) आशापुरा माता (2) लटियाला माता
(3) खोडियार माता (4) हिंगलाज माता (4)

48. निम्न में से कौनसी देवी का मंदिर चित्तौड़गढ़ में स्थित नहीं है?
(1) आवरी माता (2) बड़ली माता
(3) तुलजा भवानी (4) जावर माता (4)

व्याख्या– जावर माता का मंदिर जावर खान (उदयपुर) में स्थित है?

49. गुहिल वंश के शासकों की आराध्य देवी 'कालिका माता' का प्राचीन मंदिर स्थित है?
(1) उदयपुर (2) कुम्भलगढ़
(3) राजनगर (4) चित्तौड़गढ़ (4)

व्याख्या– इस मंदिर का निर्माण 7वीं सदी के अंत में 'मानभंग' नामक राजा ने करवाया था। यह मंदिर मुलतः सुर्य को समर्पित है जिसकी प्रतिमा को मुस्लिम आक्रांताओं ने नष्ट कर दी थी जिसे बाद में महाराणा सज्जनसिंह जीर्णोद्धार करवाकर कालिका माता की मूर्ति स्थापित करवायी।

50. केलवाड़ा स्थित किस मंदिर को 1443 ई. में सुल्तान महमूद खिलजी ने मंदिर में लकड़ियाँ भर कर आग लगा कर नष्ट कर दिया था?
(1) इडाणा माता मंदिर (2) बिरवड़ी माता मंदिर
(3) बाण माता मंदिर (4) कालिका माता मंदिर (3)

Dhindhwal Publication

# तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती मुख्य परीक्षा– 2022 के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें–







धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध हैं। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।